स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीतने पर धर्मवीर और प्रणव सूरमा को बधाई देती हूं। यह देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। — द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

इस्पात नगर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

कानपुर (एसएनबी)। केडीए द्वारा विकसित इस्पात नगर में सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। लिहाजा यहां पर भूखंड आवंटियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

लाटूश रोड ज्वाहर मंडल के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि वर्ष 1984 में केडीए लोहा/इस्पात व्यापारियों के लिए इस्पात नगर योजना लाया थी। इसे वर्ष 2014 में नगर निगम को हस्तांतरित कर दिया गया था। कई व्यापारियों को भूखण्ड आवंटित हुए,लेकिन इस योजना में मूलभूत सुविधाएं तक नहीं हैं। सड़के गड्ढों में रहे चुकी हैं। फुटपाथ एवं पार्क अविकसित हैं। बिजली के खम्भे तक जर्जर हो चुके हैं। केडीए भी मनमाने ढंग से वर्ष 2014 से अनिर्माण शुल्क ले रहा है। लाटूश रोड व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, महामंत्री अनिल गर्ग, संगठन मंत्री मनोज खेड़िया महित अन्य व्यापारियों ने यहां की जर्जर स्थिति को सुधरवाने की मांग की है।

बुलडोजर नहीं, मोहब्बत की दुकान चलाती है कांग्रेस : अजय राय

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि सत्ता में कुलदोजर का कोई स्थान नहीं है। कांग्रेस कुलदोजर नहीं, बल्कि मोहब्बत की दुकान चलाती है। हम तोड़ने का नहीं बल्कि जोड़ने का काम करते हैं। यही हमारी संस्कृति और विरासत है। श्री राय मऊराणीपुर (झांसी) में आयोजित एक कार्यक्रम में जाते समय जाजमऊ गंगा पुल पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुलदोजर का अब समाज में कोई स्थान नहीं है।

कुलदोजर की चर्चा भी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि कुलदोजर तोड़ता है और कांग्रेसजन जोड़ने वाले हैं। हम किसी को भी टूटने नहीं देंगे और एकएक को जोड़कर प्यार और मोहब्बत की दुकान का संदेश फैलाएंगे यही हमारी संस्कृति और विरासत है। सोमवाड़ विधानसभा उपचुनाव से संबंधित सवालों और सपा से सीटों के बंटवारे के बारे में उन्होंने कहा कि हम मिलकर लड़ेंगे और उप चुनाव में प्रदेश की 10 में से सभी 10 सीटें जीतकर 2027 का संदेश देंगे। इसके पहले कांग्रेस नगर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी समेत कई नेताओं ने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष श्री राय का गंगा पुल पर स्वागत किया और उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया। प्रदेश

जाजमऊ गंगा पुल पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत करते कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी। फोटो : एसएनबी

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा सपा से मिलकर लड़ेंगे उपचुनाव

विधानसभा उपचुनाव में 10 में सभी 10 सीटें पर विजयी होंगे

अध्यक्ष पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार झांसी जाते समय जाजमऊ पुल से गुजरे तभी कांग्रेसियों ने उन्हें रोक लिया। बाद में वह महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मा. मोहन टंडेला के आवास पर गये और उनके परिजनों से मिले। स्वागत करने वालों में दिलीप शुक्ला, संजय दीक्षित, लालजन अख्तरी, मनीष बाजपेई, सकील मंसूरी, इस्लाम सिद्दीकी, संतोष त्रिपाठी, रूपा सिंह, सुषमा पंत, आसिफ रहमान, आसिफ इकबाल, संतोष गुप्ता, मथुर सिंह जटाव, जफर सिद्दीकी, बी.अख्तर, विकि दीक्षित, शिवांशु शिवा, रवि शंकर तिवारी, राघव पांडे, सुरेश बबली, जावेद आलम शामिल थे।

कारगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या पर उबाल
कचहरी में प्रदर्शन, नारेबाजी व जुलूस निकाला

कानपुर, (एसएनबी)। कारगंज में महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या के विरोध में नगर के अधिवक्ताओं ने आज प्रदर्शन किया। वह बार एसोसिएशन रोड पर एकत्रित हुए और हाथों में काली पट्टी बांधकर नारेबाजी की। 'अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करो लागू करो', 'हत्यारों को गिरफ्तार करो गिरफ्तार करो', 'एक करोड़ मुआवजा दो मुआवजा दो' आदि नारों के बीच यह जुलूस की शक्ल में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर सभा के दौरान मृतका के परिजनों को एक करोड़ मुआवजा और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की।

इस मौके पर लायर्स एसो. के पूर्व अध्यक्ष रवीन्द्र शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। कानपुर के नवीन यादव, इलाहाबाद के शरद सिंह पर हमले हुए। अधिवक्ताओं की हत्याएं तक की जा रही हैं। हरदोई में कार्मिक मेहरोत्रा, लखनऊ में सिविल डिफेंडी, सुल्तानपुर में आजाद अहमद, मेरठ में दीनेश शर्मा, अलीगढ़ में अबदुल मुबीस, गाजियाबाद में मनोज चौधरी की हत्या की जा चुकी है। कल कारगंज में महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या कर दी गई, जिससे अधिवक्ताओं में रोष है। वकीलों ने कहा कि प्रदेश सरकार ने संरक्षण अधिनियम कमेटी का गठन किया। कमेटी प्रदेश भर में सुझाव ले चुकी है और ड्राफ्ट भी तैयार हो चुका है कब अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू होगा है। हमारी मांग है कि अधिवक्ता के हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी के साथ मृतक अधिवक्ता के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए अधिवक्ताओं की सुरक्षा और जीवन रक्षा हेतु अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम शीघ्र लागू किया जाए। शीघ्र के प्रीठिपीठ अपर नगर मजिस्ट्रेट तुहीन राय लोकर ने प्रतिवेदन प्राप्त कर कहा कि आपका प्रतिवेदन शीघ्र को भेज दिया जाएगा। यहां मंत्रीय कार्यालय उपाध्यक्ष बार एसो., मनीष गौड़ संयुक्त मंत्री लायर्स, अरविंद दीक्षित पूर्व उपाध्यक्ष बार, मंजीव कपूर, अमृतल बोधलाल, राकेश सिद्धार्थ, अभिनव तिवारी आदि रहे।

बैंक खाते की एनपीसीआई मैपिंग न कराने वाले दिव्यांगों को पेंशन नहीं

कानपुर (एसएनबी)। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विनय उत्तम ने अवगत कराया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन एवं इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के अन्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष से द्वितीय वैधानिक किस्त का प्रेषण माह सितम्बर में एकाउण्ट पेयर पेमेंट के स्थान पर आधार पेयर पेमेंट प्रणाली द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इस प्रणाली द्वारा योजना के अन्तर्गत अनुदान प्राप्त करने हेतु दिव्यांग पेंशनरों को अपने बैंक खाते में एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कारपोरेशन ऑफ इंडिया) पैसा की प्रक्रिया पूर्ण कराना अनिवार्य होगा, क्योंकि आधार पेयर पेमेन्ट में भुगतान मात्र एनपीसीआई मैप आधार में ही किया जा सकता है। पेंशनरों द्वारा एनपीसीआई की कार्यवाही पूर्ण नहीं कराने पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना संभव नहीं होगा। उन्होंने बताया कि कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सेवायोजन कार्यालय परिसर निकट गोल चौराहा कानपुर नगर में सम्पर्क कर सकते हैं।

सीसामऊ विस क्षेत्र में महापौर ने भाजपा सदस्यता अभियान किया शुरू

कानपुर। महापौर प्रमिला पांडेय ने गुरुवार को नगर में बीजेपी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। सीसामऊ विधानसभा के बूथ नंबर 28 कुन्दौरा में उन्होंने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी की सदस्यता ली। कुन्दौरा में पारथर जयसंकर्ष अभियान महालोटोली क्षेत्र के अंदर काली से शुरू होकर शीतला देव मंदिर तक होता हुआ कुन्दौरा चौराहे पर समाप्त हुआ।

'पुरानी पेंशन के अलावा कुछ भी मान्य नहीं'

कानपुर। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त कर्मियों के संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता पोरम के अध्यक्ष आर के तिवारी ने की जिसमें सर्वसम्मत से यह निर्णय लिया गया कि पुरानी पेंशन के अलावा कुछ भी मान्य नहीं है। इसके अलावा यह निश्चय किया गया कि प्रत्येक दो माह में एक बार इस प्रकार के सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा और यह भी निश्चित किया गया कि मंत्रालयों 10 सितंबर को प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया जाएगा। जिसमें कोऑर्डिनेटी कमेटी की अनुशंसा के आधार पर ईपी 95 कर्मियों को 7500 की पेंशन तथा उस पर महंगाई राहत दिया जाए। यहां राजेश कुमार शुक्ल, ओम शुक्ल, बी एल गुप्तेश्वर, सत्यनारायण, बीपी श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र भटिया, के के श्रीवास्तव, रविंद्र कुमार मथुर, ओम शंकर, आर पी श्रीवास्तव एडवोकेट, जियालाल, कैलेश श्रीवास्तव आदि थे।

महासंपर्क अभियान में हर बूथ पर दो सौ सदस्य बनायेगी भाजपा

कानपुर (एसएनबी)। गुरुवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री व विधान परिषद सदस्य, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता ने क्षेत्रीय भाजपा कार्यालय केशव नगर में दक्षिण व झांसी जिले में सदस्यता अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि 11 से 17 सितंबर तक विशेष महासंपर्क सदस्यता अभियान चलेगा, जिसमें हर बूथ पर दो सौ सदस्य बनाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा हर बूथ पर 2022 विधानसभा व 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिले वोटों का आकलन करेगी। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवाम सिंह ने प्रतीक चिह्न देकर एमएलसी का स्वागत किया। अनूप गुप्ता ने कहा कि सदस्यता अभियान के जरिए विपक्ष के दुष्प्रचार को करारा जवाब दें। हर कार्यकर्ता के लिए दल से बड़ा देश है। भाजपा अकेली पार्टी है जो लोकतांत्रिक तरीके से चलती है। यहां अथक काम करने वाला सामान्य कार्यकर्ता भी सर्वोच्च पदों तक पहुंच सकता है। पार्टी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से अभियान में जुट जाएं। अभियान में युवा व अच्छे आचरणों को मजबूती से जोड़ें। वर्तमान में कानपुर से कन्नौज तक भाजपा का संगठन है। कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत रहे हैं। भाजपा सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि देश को मजबूत करने की राजनीति करती है। जिलाध्यक्ष शिवाम सिंह ने कहा कि अभियान के दौरान जन जन को पार्टी की विचारधारा व नीतियों से जोड़कर सदस्य बनायें। कार्यकर्ता संगठन व सरकार के बीच की कड़ी है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष स्वर्णिमा वरण, राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, विधायक राहुल कन्या खेमका, कौशल किशोर दीक्षित, रघुनंदन भदौरिया, रामबहादुर यादव, रामेश्वर पांडेय, जय प्रकाश कुशवाहा, जिलाध्यक्ष ज्ञानेश दिनेश कुशवाहा, प्रबोध मिश्र, नीहिरा प्रभारी मनीष त्रिपाठी, वेदप्रकाश सचान, अंशुल बाजपेयी व अन्य मौजूद थे।

मां वैष्णो भोजनालय में सीवर के पानी से बन रहा था खाना!

कानपुर (एसएनबी)। खाद्य विभाग की टीम ने गुरुवार को बारा देवी चौराहा किदवईनगर स्थित मां वैष्णो भोजनालय में छापा मारा तो वहां की दशा देखकर सन्न रह गये। आटे व चावल की बोरियां सीवर के पानी में भीग रहीं थीं, कच्चे खाद्य सामग्री पर सीवर का पानी गिर रहा था और पूरे परिसर में जानलेवा गंदगी का साम्राज्य था। अफसरों ने भोजनालय बंद करा दिया और उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया। अब अन्य कार्रवाई की तैयारी है। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय संजय प्रताप सिंह के निर्देशानुसार बारा देवी चौराहा, हमीरपुर रोड, किदवाई नगर स्थित मां वैष्णो भोजनालय पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीपी सिंह, अजय मौर्या, संजय वर्मा, सोमनाथ कुशवाहा, राजीव कुमार ने छापा मारकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूरे परिसर में बहुत गंदगी फैली हुई थी, भोजन में सीवर का पानी कच्चे खाद्य पदार्थों पर गिर रहा था, भोजन में सीवर का पानी भरा था जिसमें आटा चावल डाल की बोरियां भीग रही थी, बर्तन धोने की कोई जगह नहीं थी, डिस्पोजल परिसर में ही बर्तन की धुलाई हो रही थी, पूरे परिसर में कॉकरोच घूम रहे थे, पूरे परिसर की परिस्थितियां बहुत ही अव्यवस्थ कर थी, उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए किसान संचालन के योग्य नहीं था, जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाद्य व्यवसाय का पंजीकरण तुरंत निलंबित किया गया, वह व्यवसाय बंद कर दिया गया।

कलेक्ट्रेट में कागजी कार्यवाही कम करने को शुरू हुआ ई-ऑफिस

कानपुर (एसएनबी)। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने आज कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में ई-ऑफिस का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने ई-ऑफिस प्रणाली को अपनी प्राथमिकता में शामिल किया है, जिसके तहत सरकारी कार्यालयों में कागजी कार्रवाई को कम करने और कार्य प्रक्रिया को डिजिटल बनाने का लक्ष्य है।

जानकारी के अनुसार आज कानपुर कलेक्ट्रेट के प्रमुख पटलों में ई-ऑफिस व्यवस्था को प्रारंभ किया गया। इस व्यवस्था के माध्यम से पटलों व पटलकी कर्मचारियों और अधिकारियों के पास स्वतः पहुंच जाएगी। इस व्यवस्था के लागू होने से पटलों का मूल्यवान्पूर्ण तरीके से समय से निस्तारण होगा, जिसकी अंतरराष्ट्रीय मॉनीटरिंग की जा सकेगी। साथ में यह भी सुनिश्चित होगा कि कौन्कौन सी फाइल किस पटल पर लंबित है। बताया गया कि उपरोक्त व्यवस्था के लागू होने से निम्न सुविधाएं होंगी। कार्यालय में कागजी कार्यवाई कम होगी।

कार्यालय में जानकारी को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी, कार्यालय में निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होगी, कार्यालय में पारदर्शिता बढ़ेगी, कार्यालय में कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, कार्यालय में नागरिकों की सेवाओं में सुधार होगा, कार्यालय में काम करने के तरीके में बदलाव आएगा और कार्यालय में तकनीकी का उपयोग बढ़ेगा। यहां ई-ऑफिस के नोडल अधिकारी एडीएम न्यायिक चंद्रशेखर तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एके सोमवंशी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनान्तर्गत राज्य स्तरीय प्रदर्शनी 10 से

कानपुर (एसएनबी)। एमएसएमई-विकास कार्यालय कानपुर द्वारा 10 से 12 सितम्बर तक एमएसएमई-विकास कार्यालय औद्योगिक आस्थान, कालपी रोड, फजलगंज में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनान्तर्गत राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रदर्शनी का उद्देश्य अपने उत्पादों और कौशल को व्यापक स्तर पर दर्शकों के समक्ष प्रदर्शित करना, सम्भावित ग्राहकों और खरीददारों से जुड़ना, साथी लाभार्थियों और उद्यम विशेषज्ञों के साथ सम्पर्क बढ़ाना, अपने उत्पादों और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिक्रिया और मार्गदर्शन प्राप्त करना है। प्रदर्शनी में लाभार्थी कारीगर बढ़ई, नाव निर्माता, अस्त्रकार, लोहार, हथौड़ा टूलकिट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार (पत्थर तराशने वाला), मोची (चर्मकार) जूता कारीगर, राजमिस्त्री, टोकरी निर्माता, बुहारू और झिंगोरा निर्माता, नाई, माला निर्माता, धोबी, दर्जी, मछली पकड़ने वाला जाल निर्माता आमंत्रित किये गये हैं। उनके उत्पाद प्रदर्शनी में एक बहिया चेतगढ़ होंगे और योजना के उद्देश्यों को बढ़ावा देने में मदद करेंगे।

इच्छुक पीएम विश्वकर्मा लाभार्थी जिन्होंने स्टेज3 तक वेरीफिकेशन पूर्ण कर लिया है तथा जिनके पास पीएम विश्वकर्मा लाभार्थी पहचानपत्र है, वे प्रतिभागी का नाम, पीएम विश्वकर्मा ट्रेड, पता, मोबाइल नम्बर, ईमेल आईडी, उत्पाद (प्रदर्शनी के दौरान प्रदर्शित किये जाने वाले), पीएम विश्वकर्मा आईडी पंजीकरण संख्या, पीएम विश्वकर्मा प्रशिक्षण सम्पादन प्रमाणपत्र संख्या, श्रेणी आदि का उल्लेख करते हुए विवरण के साथ सहा कागज पर लिखकर 7 सितम्बर तक व्यक्तिगत और ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं। प्रदर्शकों का चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

प्रदर्शनी का उद्देश्य अपने उत्पादों और कौशल को व्यापक स्तर पर दर्शकों के समक्ष प्रदर्शित करना

इन 25 जनपदों अयोध्या, बाराबंकी, शाहजहाँपुर, बस्ती, हमीरपुर, महोबा, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, झाँसी, ललितपुर, जालौन, कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, फतेहपुर के पीएम विश्वकर्मा लाभार्थी उपरोक्त प्रदर्शनीसमाहर्ता ट्रेड फेयर में प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा लाभार्थियों के आवेदन एवं रहने का व्यय भारत सरकार के नियमानुसार कार्यालय द्वारा वहन किया जायेगा।

हर चौराहे पर एक्टिव होगा पब्लिक एड्रेस सिस्टम

चौराहों पर गूंजेगी आवाज, नियम न तोड़िये जनाब

यातायात नियम तोड़ा तो कन्ट्रोल रूम से दी जायेगी चेतावनी

कानपुर (एसएनबी)। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों और नियमों को तोड़ने वालों को अब कन्ट्रोल रूम से ही चेतावनी देकर सचेत किया जायेगा। इसके लिए यातायात पुलिस हर चौराहे पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम को मजबूत कर रही है। बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था के लिए लोगों से विभाग द्वारा मांगे जा रहे सुझाव में ट्रैफिक दोस्तों ने कई सुझाव दिये, जे कार्यों ने अतिक्रमण करने वालों को हिकायत भी की। पुलिस अधिकारी समीक्षा करके ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतरकर करने के लिये के लिए मंथन करेंगे। कई बिंदुओं पर पुलिस अधिकारियों ने काम करने का प्लान बना लिया है। शहर में नागपुर को ईरिक्शा चालकों के शिक्षाक चल रहा अभियान और तेज होगा।

पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने कहा कि ट्रैफिक दोस्त योजना के लागू होने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म ईमेल, एक्स, इंस्टाग्राम व व्हाट्सएप नम्बर पर शहर के लोगों ने कई सुझाव दिये हैं। इस सुझाव को लेकर प्रथम चरण में शहर के मुख्य बाजारों के व्यापारियों संग पुलिस अधिकारी वार्ता करेंगे साथ ही व्यापारियों को जागरूक करेंगे कि फुटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण न करें। सप्ताह में तीन दिन पुलिस ट्रिक एंड ट्राइप वालों के शिक्षाक बड़ा अभियान चलायेगी, जिसमें सात्रह पीकर गाड़ी चलाने वालों पर सीधे कार्यवाही की जायेगी। पुलिस अधिकारियों ने दिन भी निर्धारित कर लिये हैं कि कब्जाक अभियान चलाया जाना है। हर थानाक्षेत्र में एक क्रेन की व्यवस्था की जा रही है, ताकि सड़क पर खड़े वाहनों को हटाया जा सके। सीसी ने कहा कि आईटीएमएस योजना से सड़क पर लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम को और मजबूत किया जायेगा। खराब पड़े लाउडस्पीकरों को सही कराया जा रहा है, वहीं मुख्य चौराहों पर नये लाउडस्पीकर लगाये जायेंगे, जिसके बाद ट्रैफिक कन्ट्रोल रूम से ही ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले को उसकी वाहन नम्बर व रंग के साथ से पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिये चेतावनी दी जायेगी।

ट्रैफिक सिपाही आराम फरमाता मिला तो होगी कार्रवाई

कानपुर (एसएनबी)। ट्रैफिक व्यवस्था की सबसे अहम कड़ी ट्रैफिक पुलिस के जवान अब चौराहों पर मुस्तैद दिखेंगे। अगर कोई पुलिस का जवान ट्रैफिक संचालन के बजाय सड़क के किनारे आराम करता दिखेगा, तो उस पर कार्यवाही होगी। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने कहा कि ट्रैफिक कंट्रोलरों को सक्रिय किया गया है। हर चौराहे पर ड्यूटी छोड़कर आराम करते दिखेंगे, तो उनकी फोटो खींचकर अधिकारियों को भेजी जायेगी, जिसके बाद उन पर कार्यवाही होगी।

भाजपा उत्तर का सदस्यता अभियान लांच ढाई लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य

कानपुर (एसएनबी)। भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर के सदस्यता अभियान की लॉचिंग आवास विकास कल्याणपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने की, जबकि मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता थे।

बैठक की प्रस्तावना रखते हुए जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा की आज भारतीय जनता पार्टी जिस ऊंचाई को छू रही है, वह पार्टी के सभी पूर्व अध्यक्षों व अन्य नेताओं के परिश्रम और त्याग से संभव हुआ है। बैठक के मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ. दिवाकर मिश्रा, राहुल मिश्रा व अतुल दीक्षित को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बैठक को संबोधित करते हुए अनूप गुप्ता ने कहा भारत माता की जय हमारे लिए नारा नहीं बल्कि वैचारिक अभिव्यक्ति है। भारत हमारे लिए भूमि का टुकड़ा नहीं बल्कि हमारी माता है। 1951 से भारतीय जनसंघ के समय से हम देश के आंतरिक लोकतंत्र की रक्षा के लिए कुर्बानी देने को तैयार रहते हैं। 1970 में जब इंदिरा गांधी के चुनाव के संबंध में याचिका पर न्यायालय ने निर्णय दिया कि इंदिरा चुनाव हार गईं और इनको दस वर्ष तक चुनाव से डिबार किया जाता है, तब इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर दिया और मीसा जैसा काला और नई सदस्यता लेनी पड़ती है। 2 सितंबर को पीएम मोदी को पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सदस्यता दिलाई। 3 सितंबर को सीएम योगी व दोनों डिप्टी सीएम ने सदस्यता ली। आज 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर की लॉचिंग हुयी। भाजपा के सदस्य कई तरीके से बन सकते हैं टोल फ्री नंबर 8800002024 पर मिस्ड कॉल से। इस नंबर पर वॉट्सएप चैटिंग से जहां फोन का नेटवर्क नहीं आता या जो लोग अपना विवरण नहीं भर सकते वो लोग एक फॉर्म भरकर और मिस्ड कॉल से सदस्य बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि कानपुर उत्तर जिले में 2 लाख 50 हजार को सदस्यता का लक्ष्य है।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री ने पार्टी से जुड़े शिक्षकों को किया सम्मानित

कार्यकर्ताओं को दी गयी सदस्यता प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी

बैठक में धन्यवाद पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश राय ने किया। मंच पर सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडे, विधायक सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा

उत्तर मध्य रेलवे
भारतीय रेल
पब्लिक नोटिफिकेशन

उत्तर मध्य रेलवे के भदान स्टेशन के आस पास नीचे दिए गये सेक्शन में 25 हेक्टो डी एसीडी 50 हर्टज्स ओवर हेड ट्रैक्शन वायर दिनांक 25.09.2024 या उसके बाद चार्ज कर दिया जायेगा। इस तारीख से ओवर हेड लाइन को हर समय चार्ज लाइन की तरह ट्रीट किया जाएगा और कोई भी अनधिकृत आदमी इस लाइन तक पहुँचने की कोशिश नहीं करेगा और ना ही कार्य करने की कोशिश करेगा।

क्रमांक	सेक्शन कार्य का नाम	किलोमीटर/लोकेशन/पीयर		चार्ज/उत्तेजित करने की तिथि
		से	तक	
1	उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के कानपुर-गाजियाबाद सेक्शन के मध्य भदान स्टेशन (लोनर लूप) के ईस्ट & वेस्ट छोर पर ओवरहैड ट्रैक्शनिंग का कार्य।	भदान 1190/12A (Ch. 1190/517.50) & 1191/7A (Ch. 1191/236.00)	भदान 1193/20N (1193/618.97) & 1193/13N (Ch. 1193/456.97)	25.09.2024

1562/24(A) वरिष्ठ विद्युत अभियन्ता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे, कानपुर

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

CARBON SPECIALITIES LIMITED

CIN: L65929UP1985PLC111401
REGD OFF: 7/181 A, Duplex Bunglow Unit No. 4, Swaroop Nagar, Kanpur-208002(U.P.)
Email: carbonspecialities85@gmail.com Contact: +91-9838823600 Website: http://carbon.net.in/

NOTICE OF 39TH ANNUAL GENERAL MEETING, RECORD DATE, CUT OFF DATE AND REMOTE E-VOTING INFORMATION TO THE MEMBERS

NOTICE is hereby given that the 39th Annual General Meeting of the company will be held on Monday, 30th September, 2024 at 12:30 p.m. at the registered office of the company situated at 7/181 A, Duplex Bunglow Unit No. 4, Swaroop Nagar, Kanpur-208001 (UP) in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the Rules made there under and the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with General Circular No. 14/2020 dated 8April, 2020, General Circular No. 2/2021 dated January 13, 2021, and General Circular No. 2/2022 dated 05/05/2022 and other applicable circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs("MCA") and SEBI (collectively referred to as "relevant circulars"), to transact the Businesses as set out in the Notice of the AGM dated September 04, 2024 ("the Notice").

Notice of the Meeting, setting out the Resolutions proposed to be transacted thereat and the Audited financial statements for the year ended March 31, 2024, Auditors' Report and Report of the Board of Directors for the year ended on that date, have also been dispatched to the Members. Notice and the said documents are available at the company's website http://carbon.in.net/ and copies of said documents are also available for inspection at the registered office of the company on all working days during the business hours up to the date of Annual General Meeting. The Notice is also available on the website of NDSL at https://www.evoting.nsdl.com.

In conformity with the applicable provisions of the Act and the Rules made thereunder read with MCA Circulars, the company has completed dispatch of Annual Report and the Notice of AGM on September 04, 2023, through physical mode to those Members whose names appear in the Register of Members/ list of Beneficial Owners as received from Depository/ RTA as on August 30, 2024 (i.e. "Benpos Date").

Pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013, as amended ("the Act"), read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended ("the Rules"), including any statutory modification or re-enactment thereof for the time being in force and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and Secretarial Standards on General Meeting (SS-2), the company is pleased to provide to its Members, the facility to exercise their right to vote electronically, through e-voting services provided by National Depository Services (India) Limited (i.e. "NDSL"), from a place other than the place of AGM (i.e. "remote e-voting"), on all resolutions as set out in the Notice.

Only a member whose name appears in the Register of Members as on cut-off date (i.e. Monday, September 23, 2024 shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the General Meeting. Any person who becomes member of the Company after dispatch of the Annual Report including Notice of the meeting and are holding shares on Monday, September 23, 2024, can use their existing user ID and password otherwise follow the detailed procedure mentioned in the Notice of Annual General Meeting.

Remote e-voting facility shall commence on Friday, September 27, 2024 (09.00 AM) to Sunday, September 29, 2024 (05.00 P.M.) (both days Inclusive). The remote e-voting will be disabled by the NSDL after the said date and time. The Company has appointed Mr. Rabindra Kumar Satapathy, Practicing Company Secretary, Delhi as the Scrutinizer to scrutinize the e-voting process in fair and transparent manner.

सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, कानपुर सम्भाग, कानपुर

पता- 13/389, परमट सिविल लाइन्स, कानपुर। ईमेल- rfckanpur50@gmail.com

पत्रांक- 1532/ब.खा.नि./07-स्टो./सिंगल स्टेज निविदा/ सेण्ट्र./ पी./2024-25 दिनांक-05.09.2024

-: ई-टेण्डर सूचना :-

कानपुर सम्भाग अन्तर्गत कानपुर/ केन्द्र कानपुर फर्रुखाबाद पर ई-निविदायें पूर्व में आमंत्रित की गयी, जिसमें लखनेन्द्र पर अनिवार्य निविदा प्राप्त न होने के कारण पुनः खाद्य तथा रसद विभाग में सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी परिवहन व्यवस्था के अन्तर्गत सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, कानपुर सम्भाग, कानपुर द्वारा निर्धारित हेतु अनावेदन कानपुर कानपुर (फर्रुखाबाद) पर ईमानदारी एवं परिवहन ठेकेदार की नियुक्ति हेतु अनिवादान ई-टेण्डर आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक निविदाकारी द्वारा etender.up.nic.in पर डिजीटल सिग्नेचर के माध्यम से (जो यू.पी.एल.सी. में पंजीकृत हो) अनिवादान निविदा डाल सकते हैं। इच्छुक निविदाकारी निविदा हेतु किसी भी प्रकार की पूछताछ एवं जानकारी के लिये टेण्डर डालने की अन्तिम तिथि व समय उपपूर्व सम्भागीय खाद्य नियंत्रक कानपुर सम्भाग, कानपुर के कार्यालय में सम्पर्क कर सकता हैं। निविदा शर्तें व अन्य विवरण https://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते हैं।

निविदा की तिथि एवं समय

निविदा आमंत्रित करने की तिथि	06.09.2024
निविदापत्रकों हेतु निविदा से पूर्व (प्री-बिड) बैठक की तिथि व समय	दिनांक-20.03.2024 समय प्रातः 11.00 बजे
निविदा बन्द होने की तिथि व समय	14.09.2024 समय अपरान्ह 12.00 बजे
तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय	14.09.2024 समय अपरान्ह 02.00 बजे
निविदा मूल्य	590.00/- हेतु प्रति कलक्ट की दर से
धरोहर धनराशि	"अ" श्रेणी हेतु रु.1,00,000/- तथा "ब" श्रेणी हेतु रु. 60,000/- हेतु प्रति कलक्ट की दर
बैंक खाते का विवरण	खाता धारक का नाम-e tender fees खाता संख्या-2139104000006897